समीक्षा | कलेक्टर ने की पीएम श्री एवं सांदीपनि विद्यालयों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा

# विकास कार्यों में विलंब तो ठेकेदारों पर अर्थदंड



**जबलपुर ।** पीएम श्री एवं सांदीपनि विद्यालयों में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर सिंह ने सांदीपनि एवं पीएम श्री विद्यालयों में संचालित निर्माण कार्यों एवं अधूरे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने स्कूल भवनों के निर्माण, खेल मैदान, कक्षाओं में विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था, नल एवं विद्युत फिटिंग, शौचालयों, वाटर हार्वेस्टिंग, मिड-डे मील व्यवस्था, रैम्प, सीढ़ियों में रेलिंग सहित विभिन्न मूलभूत सुविधाओं के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य समय-सीमा में और गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। उन्होंने निर्माण एवं विकास कार्यों में विलंब होने पर ठेकेदारों पर अर्थदंड अधिरोपित करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिन विद्यालयों के प्रशासनिक कार्य लंबित हैं, उन्हें भी शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया की समीक्षा भी बैठक में की। श्री सिंह ने प्राचार्यों को निर्देश दिए कि दसवीं से ग्यारहवीं तथा कक्षा आठवी से नवमी में शतप्रतिशत बच्चों का प्रवेश सुनिश्चित किया जाए। इसी प्रकार आंगनवाड़ी केंद्रों से निकले सभी बच्चों का कक्षा एक में इस पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में सांदीपनि एवं पीएम श्री विद्यालयों के प्राचार्यों ने अपने-अपने विद्यालयों में चल रहे विकास एवं निर्माण कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। पनागर के प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय के शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिए जाएंगे। कुंडम की प्राचार्य ने बताया कि कुछ दस्तावेजी कार्य लंबित हैं, जिन्हें शीघ्र पूरा किया जाएगा। साथ ही 300 बेड क्षमता वाले छात्रावास का निर्माण भी प्रगति पर है कलेक्टर सिंह ने सांदीपनि विद्यालय मेडिकल कॉलेज एवं करौंदीग्राम के निर्माण कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। बैठक में पीएमश्री योजना अंतर्गत संचालित विद्यालयों की भी समीक्षा की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, ग्रामीण अभियांत्रिकी सेवा अधिकारी, भवन विकास निगम के अधिकारी, जिले के समस्त सांदीपनि विद्यालयों एवं पीएम श्री विद्यालयों के प्राचार्य व संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

## भीषण गर्मी में भटक रहे मासूम बच्चे को सुरक्षित परिवार तक पहुंचाया

**जबलपुर।** नेशनल हाईवे-44 स्थित टिंसी बरगी के पास मंगलवार दोपहर भीषण गर्मी के दौरान सड़क किनारे एक लगभग 9 वर्षीय मासूम बालक वंश पिता राजेंद्र टेकाम, निवासी नारायणपुर अपनी माता की तलाश में रास्ता भटक गया। बालक अपने घर से लगभग 15 किलोमीटर दूर निकल आया था एवं अत्यधिक घबराया एवं परेशान अवस्था में था। इसी दौरान संभागीय परिवहन उड़नदस्ता प्रभारी विक्रम सिंह ठाकुर एवं उनके स्टाफ की नजर बच्चे पर पड़ी। टीम द्वारा तत्काल मानवता का परिचय देते हुए बच्चे को सुरक्षित रोका गया एवं उसे पानी एवं भोजन उपलब्ध कराया गया। इसके उपरांत बच्चे से शांतिपूर्वक बातचीत कर उसका हाल-चाल एवं घर-परिवार की जानकारी प्राप्त की गई। बच्चे द्वारा दी गई सीमित जानकारी के आधार पर स्थानीय सहयोगियों की मदद ली गई। सामूहिक प्रयासों के फलस्वरूप बच्चे के परिजनों एवं गंतव्य स्थान का पता लगाया गया एवं बालक को सुरक्षित उसके परिवार तक पहुँचाया गया।

# राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि के मामले सुनवाई 14 मई तक बढ़ी

**पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के बेटे को जवाब पेश करने मिली मोहलत**



**जबलपुर।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मानहानि के मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट भोपाल के विशेष मजिस्ट्रेट द्वारा जारी किये गये समन के चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका की सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के बेटे ने कार्तिकेय सिंह चौहान की तरफ से जवाब पेश समय प्रदान करने का आग्रह किया गया। जस्टिस पीके अग्रवाल की एकलपीठ की आग्रह को स्वीकार करते हुए दो दिन का समय प्रदान करते हुए अगली सुनवाई 14 मई निर्धारित की है। एकलपीठ ने ट्रायल कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है।

गौरतलब है कि भाजपा नेता शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय सिंह के लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ एमपी-एमएलए कोर्ट भोपाल में मानहानि का परिवाद दायर किया था। परिवाद में कहा गया था कि 2018 में राहुल कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। उस समय झाबुआ में हुई चुनावी सभा में राहुल गांधी ने एक भाषण के दौरान कथित तौर पर पनामा पेपर्स लीक का जिक्र करते हुए शिवराज सिंह चौहान और उनके बेटे कार्तिकेय का नाम लिया था। राहुल गांधी ने तुलना करते हुए कहा था कि पाकिस्तान में नवाज शरीफ पर कार्रवाई हुई, लेकिन मध्यप्रदेश में ऐसा नहीं हुआ। इस बयान को लेकर कार्तिकेय सिंह चौहान ने इसे अपनी छवि को नुकसान पहुंचाने बताया था। विशेष मजिस्ट्रेट द्वारा परिवाद की सुनवाई करते हुए राहुल गांधी को समन जारी किया गया था। समन व परिवाद को निरस्त कराने राहत चाहते हुए राहुल गांधी ने हाईकोर्ट की शरण ली थी। उन्होंने आरोपों को नकारते हुए परिवाद को बेबुनियाद बताया। हाईकोर्ट ने याचिका की सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने शिकायतकर्ता का पक्ष सुनने के लिए उन्हें नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने निर्देश जारी किये थे। शिकायतकर्ता की तरफ से मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान समय प्रदान करने का आग्रह किया गया। जिसके स्वीकार करते हुए एकलपीठ ने उक्त आदेष जारी किये। याचिकाकर्ता की तरफ से राहुल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा एवं अजय गुप्ता ने पक्ष रखा।

# छात्र-छात्राओं ने लिया जबलपुर को स्वच्छता में नंबर-1 बनाने का संकल्प



**नवभारत,जबलपुर।** निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार मंगलवार को स्वच्छता अभियान को गति देने और जन-भागीदारी का जायजा लेने के लिए श्रीराम इंजीनियरिंग कॉलेज पहुंचे। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं की ऊर्जा को स्वच्छता से जोड़ते हुए शहर को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने के लिए प्रेरित किया।

छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भरा स्वच्छता फीडबैक फार्म क ॉलेज परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में निगमायुक्त ने स्वयं छात्र-छात्राओं के बीच जाकर उनसे संवाद किया। उनके आह्वान पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता फीडबैक फार्म भरकर शहर की सफाई व्यवस्था पर अपनी राय साझा की। यह फीडबैक आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में जबलपुर की रैंकिंग सुधारने के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी माना जा रहा है। इस मौके पर कॉलेज के संचालक और प्रबंधन समिति ने निगमायुक्त का स्वागत किया और छात्रों के साथ मिलकर इस मुहिम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। निगमायुक्त ने उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं और स्टाफ को स्वच्छता की शपथ दिलाई। सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे न केवल स्वयं गंदगी नहीं करेंगे, बल्कि दूसरों को भी जागरूक करेंगे। इस दौरान नगर निगम की टीम ने कचरा पृथक्करण गीला, सूखा और हानिकारक कचरा और थ्री आर (रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकिल) के सिद्धांतों के बारे में भी जानकारी दी। कॉलेज प्रबंधन ने नगर निगम के इस प्रयास की सराहना करते हुए विश्वास दिलाया कि संस्थान परिसर और आस-पास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने में पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा।

## 153 अपराध दर्ज, 412 निपटे, 114 लंबित

**जबलपुर।** उप पुलिस अधीक्षक अजाक कार्यालय में जिले में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम से संबंधित लंबित अपराधों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान वर्ष 2025 एवं वर्ष 2026 में दर्ज प्रकरणों की प्रगति एवं लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण संबंधी कार्यवाहियों का परीक्षण किया गया। समीक्षा में यह पाया गया कि वर्ष 2025 में कुल 373 अपराध दर्ज हुए थे एवं वर्ष 2026 में 12 मई 2026 तक कुल 153 अपराध दर्ज हुए हैं। इस प्रकार कुल 526 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया गया।

# किसानों ने समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं

**45 मिनट तक किसानों से किया संवाद**



**जबलपुर ।** किसानों से सीधे संवाद स्थापित कर गेहूं उपार्जन से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए मंगलवार को जिला प्रशासन द्वारा फेसबुक लाइव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए उन्हें उपार्जन नीति एवं व्यवस्थाओं की जानकारी उपलब्ध कराना था। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशन में आयोजित यह कार्यक्रम कलेक्टर जबलपुर के आधिकारिक फेसबुक पेज पर शाम 4 बजे से प्रारंभ हुआ। लगभग 45 मिनट तक चले संवाद के इस कार्यक्रम में किसानों ने गेहूं उपार्जन से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे तथा अपनी कठिनाईयां अधिकारियों के समक्ष रखीं। अधिकारियों ने किसानों के सवालों के जवाब देते हुए मौके पर ही समस्याओं का निराकरण किया। कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर एवं उपार्जन प्रभारी ऋषभ जैन, नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक संजय सिंह, प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक श्रीमती सीमा बोरासिया तथा उप संचालक कृषि यू के कटहरे उपस्थित रहे। फेसबुक लाइव के माध्यम से अधिकारियों ने बताया कि जिले में गेहूं उपार्जन का कार्य लगातार प्रगति पर है और निर्धारित लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है। जिले में पंजीकृत कुल 50 हजार 788 किसानों के लिए 70 उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए हैं। अब तक 23 हजार किसानों से लगभग 15 लाख हजार क्विंटल गेहूं का उपार्जन किया जा चुका है। किसानों को बताया गया कि उपार्जन केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध हैं। किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग में हो रही कठिनाईयों के बारे में पूछे गये प्रश्नों का जबाब देते हुये अधिकारियों ने बताया कि सर्वर संबंधी समस्याओं के कारण हो रही इस कठिनाई के निराकरण के लिए भोपाल स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

### एक नजर में




## नीट यूजी 2026 परीक्षा रद्द होने के छात्रों में आक्रोश

**नवभारत,जबलपुर।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने नीट यूजी 2026 परीक्षा रद्द कर लाखों अभ्यर्थियों के भविष्य पर सवाल खड़े कर दिए हैं। परीक्षा रद्द होने से देश के विद्यार्थियों में बहुत गुस्सा है और प्रदर्शन कर रहे हैं। जबलपुर में भी विद्यार्थियों ने एनएसयूआई के साथ मिलकर विरोध दर्ज कराया और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और एनटीए चेयरमैन प्रदीप जोशी का मालवीय चौक में पुतला जलाया। विदित हो कि 3 मई 2026 को आयोजित की गई नीट यूजी 2026 परीक्षा की रद्द कर दिया गया है एनटीए ने ये फैसला राजस्थान में नीट पेपर लीक होने की घटना को देखते हुए लिया है, एनटीए इस फैसले को छात्र हित और परीक्षाओं में विश्वसनीयता और पारदर्शिता कायम रखने वाला निर्णय बता रही है उधर छात्रों में इस फैसले को लेकर बहुत गुस्सा है। एनएसयूआई के छात्र नेता अनुराग शुक्ला के नेतृत्व में नीट परीक्षा रद्द होने के खिलाफ मंगलवार को विरोध प्रदर्शन जताया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना था कि देशभर में लगभग 30 लाख छात्र-छात्राएं प्रतिवर्ष नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा की तैयारी करते हैं लेकिन प्रतिवर्ष परीक्षा रद्द हो जाने के कारण लाखों छात्रों का भविष्य अधर में अटक जाता है जो छात्रों के हितों के खिलाफ है।प्रदर्शन में प्रतीक गौतम, एजाज अंसारी,सैफ मंसूरी, वकार खान,युग ठाकुर,अरमान, सोधूं मेश्राम, अनिकेत तिवारी सहित सैकड़ो छात्र मौजूद थे।

## जंगल में चल रहे जुआ फड़ पर पुलिस का छापा

**जबलपुर ।** बरगी थाना अंतर्गत हर्षित वेयर हाउस के समीप घने जंगल में चल रहे जुआ फड़ पर पुलिस ने छापा मार कार्रवाई कर दी। पुलिस को देख जुआरियों में भगदड़ मच गई पांच जुआड़ी पहाड़ी का फायदा उठाकर भाग गए जबकि चार दबोच लिए गए। पुलिस ने मौके से ताश के पत्तों के साथ नकदी बरामद की है।जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि वेयर हाउस के पीछे जंगल में पेड़ के नीचे कुछ जुआड़ी हार-जीत का दांव लगा रहे हैं। खबर मिलते ही पुलिस ने टीम ने दबिश दी। पुलिस की धमक देख जुआरियों में हड़कंप मच गया और वे पहाड़ी का फायदा उठाकर घने जंगल की ओर भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर राजेन्द्र पटेल, शेख सलमान, शेख अकरम, शरद उर्फ बेला यादव को दबोचा। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में खुलासा किया कि टॉवल रजक नामक व्यक्ति वहां जुआ खिलवा रहा था और नाल वसूल रहा था। पुलिस की रेड के दौरान टॉवल रजक सहित संजू चौकसे, राजेश साहू, करन कुशवाहा और हन्नी नामदेव मौके से भागे है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और फड़ से 3,500 रुपये नगद तथा 52 ताश के पत्ते जप्त किए हैं। फरार आरोपियों की तलाश सरगर्मी से की जा रही है।

## आईपीएल सट्टा : मोबाइल पर दांव लगाते युवक गिरफ्तार

**जबलपुर।** सिविल लाइन पुलिस और क्राइम ब्रांच ने ऋषि एजेंसी के पास दबिश देकर आईपीएल क्रिकेट पर मोबाइल पर रुपये का दांव लगाते युवक को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी ने सट्टा खिलाने वाले मुख्य सरगनाओं के नाम भी उजागर किए हैं। सिविल लाइन थाना प्रभारी पूर्वा चौरसिया के मुताबिक क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि ऋषि एजेंसी के पास एक व्यक्ति आईपीएल मैचों पर सट्टा खेल रहा है। संयुक्त टीम ने तत्काल योजना बनाकर दबिश दी। पुलिस को देखते ही आरोपी ने भागने की कोशिश की, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। पकड़े गए रितेश तिवारी उर्फ घंशु तिवारी (34) निवासी कांचघर घमापुर से पूछताछ में खुलासे हुए हैं। आरोपी रितेश ने स्वीकार किया कि वह मोबाइल के माध्यम से पंजाब और दिल्ली की टीमों पर हार-जीत का खेल खेल रहा था। उसने अलग-अलग बार में कुल 50,000 रुपये का दांव लगाया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नगद राशि 1910 रुपये, मोबाइल, सट्टे के हिसाब-किताब की पर्ची जब्त की है।

# घरेलू गैस, डीजल-पेट्रोल के बढ़े दामों के विरोध में प्रदर्शन

**लालटेन सौंपकर जताया प्रतीकात्मक विरोध**




**नवभारत,जबलपुर ।** घंटाघर में बहुजन मुक्ति पार्टी ,राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, बहुजन क्रांति मोर्चा, भारत मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने लगातार बढ़ रहे घरेलू गैस, डीजल , पेट्रोल के रेट के विरोध और ईवीएम मशीन से हो रही वोट चोरी के आरोपों के साथ विरोध प्रदर्शन किया और अपनी आवाज बुलंद की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने लगातार बढ़ती डिजिटल आइडेंटिफिकेशन से देश के नागरिकों को गुलाम बनाने के षडयंत्र के विरोध में जमकर नारे लगाए और एक लालटेन भी जिला कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदया को दिया।

प्रदर्शनकारियों ने ये भी बताया कि 20 मई को कलेक्टर कार्यालय के सामने लकड़ी के माध्यम से चूल्हे जलाकर खिचड़ी बनाई जाएगी और कलेक्टर को खिलाने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर इंजीनियर प्रवीण गजभिए, रामराज पटेल, रमन पटेल, राजेश्वरी पटेल , एड परमानंद साहू, एड मधुसूदन कुर्मी,एड विनय भगत, विवेक दहिया , विषई सिंग टेमर, एड रविकांत भगत , राहुल बौद्ध,एड राजेंद्र सिंह, नीरज वाल्मीकि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## बढ़ते क्राइम को लेकर बसपा ने घेरा पुलिस अधीक्षक कार्यालय

**जबलपुर।** जिले में बढ़ते क्राइम को लेकर बसपा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान प्रदर्शन कर नारेबाजी की गई । बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष लखन अहिरवार ने बताया कि घमापुर में हुए आरती हत्याकांड के साथ, पनागर, भेड़ाघाट, शहपुरा, सिहोरा, पाटन सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों में अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग पर आये दिन होने वाले अत्याचार, जिले में बढ़ती आपराधिक घटनाओं के विरोध में प्रदर्शन किया गया । कार्यकर्ताओं द्वारा पीड़ितों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नारेबाजी कर विरोध दर्ज कराया गया ।साथ ही सभी मामलों में निष्पक्ष जांच के साथ कार्यवाही की मांग की गई । बसपा नेताओं ने पुलिस अधीक्षक से आपराधिक तत्वों पर कठोर कार्यवाही करने, थानों में अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के मामलों में तत्परता से कार्यवाही कराने, और कार्रवाई नहीं करने वाले पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही की मांग की है। इस दौरान पूर्व पार्षद शरण चौधरी, दिनेश कुशवाहा, सुरजीत चौधरी, सुधा सिंह, रामराज राम, लक्ष्मण चौधरी, मुन्ना सतनामी, राकेश समुन्द्र, शिव प्रकाश, विजय भौरेल, भोले शंकर, महेंद्र चौधरी, समेत अन्य कार्यकर्ताओं सहित पीड़ित उपस्थित हुए।

## जीजा ने साले को मारी चाकू, ससुर ने चलाई तलवार

**जबलपुर।** गोरखपुर थानाअंतर्गत मांडवा रामपुर में घर में राशन न लाने की शिकायत पर जब महिला के मायके वाले ससुराल समझाने पहुंचे, तो पिता पुत्र आगबबूला हो गए। जीजा ने साले पर चाकू से वार कर दिया। महिला के ससुर ने भी उसके भाई पर तलवार से हमला किया पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।पुलिस ने बताया कि मांडवा रामपुर निवासी सिदराग्यास अंसारी (30) का पति आजाद हुसैन अक्सर विवाद करता था। पीड़िता ने अपनी माँ को फोन कर बताया कि पति पिछले कई दिनों से घर में राशन और सब्जी नहीं ला रहे हैं, जिससे खाने का संकट खड़ा हो गया है। बेटी की परेशानी सुन रात करीब 10:15 बजे भाई आमिर अंसारी, भाभी अमरीन और माँ नाजरा बेगम कार से मांडवा स्थित ससुराल पहुँचे। जब मायके पक्ष के लोग ससुराल वालों को समझा रहे थे, तभी पति आजाद हुसैन और ससुर सज्जाद हुसैन विवाद करने लगे। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि ससुर सज्जाद घर के भीतर से तलवार निकाल लाया और जान से मारने की नियत से आमिर के सिर पर हमला कर दिया।

## केएफ रूस्तम पुरस्कार से नवाजे गए सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी गोपाल

जबलपुर। मध्यप्रदेश पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी गोपाल प्रसाद खाण्डेल, तत्कालीन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जिला जबलपुर एवं हाल से सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक, पीटीएस सागर को भोपाल में उनके उत्कृष्ट कार्य निष्पादन, अनुशासित सेवा और उच्च स्तरीय व्यावसायिक दक्षता के लिए प्रतिष्ठित के.एफ. रूस्तमजी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें वर्ष 2021-22 की अति विशिष्ट श्रेणी में प्रदान किया गया।

# नए सीजीएसटी आयुक्त नीरज ने संभाली कमान



जबलपुर। सीजीएसटी जबलपुर आयुक्तालय के नए आयुक्त नीरज चौबे ने मंगलवार को पदभार ग्रहण कर लिया। जानकारी के अनुसार लोकेश कुमार लिल्हारे, आईआरएस (2006), केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) जबलपुर आयुक्तालय में आयुक्त के पद पर पदस्थ थे, जिनका भारत सरकार द्वारा जारी नवीन प्रशासनिक आदेशों के तहत स्थानांतरण भोपाल किया गया है। उनके सफल कार्यकाल के दौरान आयुक्तालय द्वारा जीएसटी अनुपालन, करदाता सुविधा, कर अपवंचन कार्यवाही तथा राजस्व संवर्धन से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण कार्यवाही एवं पहल की गई। स्थानांतरण के उपरांत नीरज चौबे, आईआरएस (2008) ने सीजीएसटी जबलपुर आयुक्तालय के नए आयुक्त के रूप में मंगलवार को पदभार ग्रहण कर लिया है। इस आयुक्तालय के कार्यक्षेत्र में पूर्वी मध्यप्रदेश के 21 जिले आते हैं। सीजीएसटी जबलपुर आयुक्तालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लोकेश कुमार लिल्हारे के कार्यकाल में मिले मार्गदर्शन एवं नेतृत्व के लिए आभार व्यक्त किया गया। नए आयुक्त नीरज चौबे का स्वागत किया गया। सीजीएसटी जबलपुर आयुक्तालय ने नए आयुक्त के नेतृत्व में प्रभावी कर प्रशासन, व्यापार सुगमता, करदाता सेवाओं एवं कर चोरी के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

सम्मान | आसाधारण जागरूकता दिखाने वाले रेल कर्मियों को किया सम्मानित

# पांच रेलकर्मी उत्कृष्ट संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित



**जबलपुर।** रेलवे द्वारा रेल परिचालन में उच्च स्तरीय सुरक्षा मानकों को बनाए रखने और संरक्षा के प्रति असाधारण जागरूकता दिखाने वाले रेलकर्मियों को सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में अप्रैल माह में पश्चिम मध्य रेलवे में ड्यूटी के दौरान असाधारण सतर्कता, त्वरित निर्णय क्षमता एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देकर संभावित दुर्घटनाओं को टालने वाले पाँच रेलकर्मियों को पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह द्वारा उत्कृष्ट संरक्षा जागरूकता पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कृत कर्मचारियों में लोको पायलट गुड्स एनकेजे जबलपुर मंडल कमलेश कुमार मौर्य, स्टेशन मास्टर गोंदवाली एनकेजे जबलपुर मंडल रंजन कुमार, सीनियर ट्रेन मैनेजर गुड्स इटारसी भोपाल मण्डल हिमांशु अग्रवाल, ट्रैकमैन-ढ्ढ महिदपुर रोड कोटा मण्डल श्याम कुमार मांझी एवं ट्रैकमैन-ढ्ढढ्ढ महिदपुर रोड कोटा मण्डल दुपेन्द्र सिंह शामिल हैं।

**ख़तरे को पहचाना**

पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर, भोपाल और कोटा मंडलों में तैनात इन रेलकर्मियों ने विभिन्न रेल खंडों पर गश्त और ड्यूटी के दौरान हॉट एक्सल, गैस रिसाव और रेल फ्रैक्चर जैसी गंभीर तकनीकी खामियों को समय रहते पहचान लिया। इनके द्वारा त्वरित गति से की गई सुरक्षात्मक कार्रवाइयों, जैसे लाल संकेत दिखाकर गाड़ियों को रुकवाना, अधिकारियों को तत्काल सूचित करना और आवश्यक संरक्षा उपाय सुनिश्चित करना, के कारण रेल परिचालन को सुरक्षित बनाए रखने में बड़ी सफलता मिली है। महाप्रबंधक श्री सिंह ने इन सभी पुरस्कृत कर्मचारियों की कर्तव्यनिष्ठा और उनके द्वारा प्रदर्शित की गई सजगता की प्रशंसा करते हुए कहा कि रेलवे में संरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा ऐसे सजग एवं समर्पित कर्मचारी पूरे ज़ोन के लिए प्रेरणास्रोत हैं।



## जनसुनवाई में सामने आई शिकायतों का किया गया निराकरण

**नवभारत,जबलपुर।** शहर के विकास और नागरिकों की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय और सभी 16 संभागों में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने मुख्यालय में आए 46 आवेदकों से सीधा संवाद किया और आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई की। इसी तरह सभी 16 संभागों में संभागीय अधिकारियों ने मुस्तैदी दिखाते हुए 32 प्रकरणों पर तत्काल कार्यवाही कर निराकरण कराया। निगमायुक्त ने बताया कि मंगलवार को मुख्यालय में 46 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 15 अतिक्रमण विभाग, 3 भवन शाखा, 8 स्वास्थ विभाग, 2 जलप्रदाय, 3 कॉलोनी सेल, 2 संपदा शाखा, 4 शासकीय योजना, 2 होर्डिंग शाखा, 1 स्थापना, 1 निर्वाचन, 1 जन्म मृत्यु , 1 उद्यान विभाग, 1 पी.एम.ए.व्हाय., 2 संभाग क्रमांक 16 से संबंधित है समस्त शिकायतों को संबंधित विभाग में प्रेषित किया गया व कुछ शिकायतों का राजस्व एवं स्वास्थ विभाग द्वारा त्वरित निराकरण किया गया।